नईदुनिया

मुख्यमंत्री ने बेंगलुरु में प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित किया

प्रदेश में खुलेगा योग विवि का केंद्र



नईदुनिया ब्यूरो,बेंगलुरुः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि योग विश्व कल्याण का सशक्त माध्यम है। यह आज विश्व में भारत की विशिष्ट पहचान बन चुका है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर जीवन को संतुलित एवं निरोगी बनाने की पद्धति है। मुख्यमंत्री शनिवार को स्वामी विवेकानंद योग विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के संचालकों को मध्य प्रदेश में इसका अध्ययन केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में योग, प्राकृतिक चिकित्सा, अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं विकसित की जानी चाहिए। इससे युवाओं को योग का वैज्ञानिक प्रशिक्षण मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुर्वेदिक शिक्षा को भी बढ़ावा दे रही है। डॉ. यादव ने कहा कि पद्मश्री डॉ. एचआर नागेंद्र ने अपना जीवन योग और मानवता की सेवा के लिए समर्पित किया। उनके प्रयासों से प्राचीन भारतीय योग विद्या को आधुनिक विज्ञान के आधार पर स्थापित करने में मदद मिली। डॉ. आर. नागरत्ना और उनके सहयोगियों का योग चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान भी महत्वपूर्ण है। प्रशांति कुटीरम ने योग को चिकित्सा अनुसंधान से जोड़ने का उल्लेखनीय प्रयास किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई प्रतिष्ठा मिली है।

आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और अन्य उपचार पद्धतियों का उद्देश्य व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली प्रदान करना है। भारतीय ज्ञान परंपरा को विश्व के प्रत्येक घर तक पहुंचाना हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने पिछले दो वर्षों में नौ नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। औषधीय खेती को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। अश्वगंधा, सफेद मूसली और तुलसी जैसी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रशांति कुटीरम से जुड़े योग साधकों और सेवाभावियों को स्वर्ण जयंती की शुभकामनाएं दीं।

महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जापान की टीम भोपाल पहुँची

भारतीय कप्तान ने जताया खिताब बचाने का भरोसा



19 से 28 नवंबर तक होगा अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट, एयरपोर्ट पर तिलक और शॉल से हुआ जापानी खिलाड़ियों का स्वागत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2026 के लिए विदेशी टीमों का भोपाल पहुंचना शुरू हो गया है। शनिवार को जापान की टीम राजा भोज विमानतल पहुंची। यहां भारतीय परंपरा के अनुसार खिलाड़ियों का तिलक लगाकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। जापानी टीम ने शाम 4 से 5:30 बजे तक अभ्यास किया। प्रतियोगिता 19 से 28 नवंबर तक आयोजित होगी।

चीन से मुकाबले के बजाय अपने खेल पर ध्यान

सलीमा ने कहा कि चीन मजबूत प्रतिद्वंद्वी है, लेकिन भारतीय टीम का ध्यान विरोधियों के बजाय अपनी रणनीति और प्रदर्शन पर रहेगा। मुख्य कोच खिलाड़ियों को अलग-अलग पोजिशन पर खेलने के लिए भी तैयार कर रहे हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर वे दूसरी भूमिका निभा सकें।

सविता की जगह बंसरी

गोलकीपर सविता को आराम दिया है। उनकी जगह बंसरी सोलंकी को टीम में शामिल किया। कप्तान ने बंसरी के प्रदर्शन पर भरोसा जताते हुए कहा कि टीम के सभी खिलाड़ी अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं। सलीमा ने भोपाल में पहली बार इस स्तर के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के आयोजन को खास बताया। उन्होंने कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलना टीम के लिए उत्साहजनक अनुभव होगा।

खिताब बचाने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि टीम घरेलू मैदान पर खिताब बचाने के इरादे से उतरेगी। एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के बाद खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम ने एफआईएच नेशंस कप जीता और विश्व कप में पांचवां स्थान हासिल किया, जो 1974 के बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

पंडित नेहरू और बिरसा मुंडा की जयंती पर बच्चों ने मनाया उत्सव



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः मिठी और नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती तथा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में शिक्षकों ने समूहगान, नृत्य और मोबाइल के विवेकपूर्ण उपयोग पर आधारित आकर्षक स्किट प्रस्तुत कर बच्चों को महत्वपूर्ण संदेश दिए। सचिव घनश्याम बूलचंदानी और प्राचार्या रेखा केवलानी ने बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में तीसरी से पांचवीं कक्षा की छात्राओं ने कहानी के पात्रों, 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस दौरान 10वीं अंतरराष्ट्रीय सिंधी नर्सरी राइम्स प्रतियोगिता-2026 के विजेताओं को टैबलेट देने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रमों के एक अन्य प्रमुख आकर्षण के रूप में महान जननायक भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया।

डॉ. यादव ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन



भोपाल: जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें का उद्घोष भी किया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, मंत्री संपतिया उइके, सांसद आशीष दुबे सहित विधायक अशोक रोहाणी, संतोष बरकड़े और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

गुरु गोविंद सिंह का जीवन त्याग और साहस की मिसाल : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खालसा पंथ के संस्थापक और सिख धर्म के दसवें गुरु, श्रद्धेय गुरु गोविंद सिंह जी के ज्योति-ज्योत दिवस पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि गुरु गोविंद सिंह का संपूर्ण जीवन त्याग, साहस, शौर्य और अदम्य संकल्प की अनुपम मिसाल है। उन्होंने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करते हुए उन्होंने समाज को निडरता, समानता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

जिला कोर्ट में लगेगी दो नई लिफ्ट



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में कार्यकारिणी एवं सैकड़ों अधिवक्ताओं ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव से मुलाकात कर जिला न्यायालय परिसर में दो नई लिफ्ट लगाने की मांग की। अधिवक्ताओं ने बताया कि न्यायालय में पक्षकारों, अधिवक्ताओं और आमजन की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में वरिष्ठ अधिवक्ताओं, बुजुर्गों एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए लिफ्ट की आवश्यकता है। प्रधान जिला न्यायाधीश ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर को दो लिफ्ट लगाने की अनुशंसा करने की सहमति दी। इस दौरान न्यायिक अधिकारी, जिला रजिस्ट्रार, नाजिर तथा अभिभाषक संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

28 हजार के विवाद में दोस्त को चाकू घोंपने वाला गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हनुमानगंज थाना क्षेत्र में 28 हजार रुपये के विवाद में दोस्त के पेट में चाकू घोंपकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके के खिलाफ पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक, कारगिल कॉलोनी, दुलीचंद का बाग निवासी 19 वर्षीय समीर खान रेलवे के पार्सल विभाग में काम करता है। उसके दोस्त अभय ने अपनी दोपहिया वाहन गिरवी रखकर समीर से 28 हजार रुपये उधार लिए थे। बाद में अभय ने गाड़ी वापस ले ली थी, लेकिन रुपये नहीं लौटा रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसी मुद्दे को लेकर 11 नवंबर को अभय अहिरवार अपने साथियों के साथ समीर से मिलने छोला रोड पहुंचा और विवाद होने पर उसके पेट में चाकू घोंप दिया था। वारदात के बाद से ही वह फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने सिंधी कॉलोनी के पास कबाड़खाना रोड से उसे गिरफ्तार कर लिया।

चाचा नेहरू को याद करते हुए बच्चों ने मनाया उत्सव

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः नवयुवक सभा की शिक्षण संस्थाओं में बाल दिवस मनाया गया। पंडित नेहरूजी के व्यक्तित्व को याद किया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षिकाओं ने तारिक मेहता के उल्टा चश्मा की प्रस्तुति दे बच्चों का मनोरंजन किया। अनंदराम टी. शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया। नवयुवक सभा के अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने नेहरूजी को आधुनिक भारत का निर्माता बताया। सचिव सुरेश राजपाल और प्राचार्या ज्योति चौहान ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने फैंसी ड्रेस और नृत्यों में भाग लिया।

नन्हे मुन्नों ने दी प्रस्तुति, उत्सव मनायाः डी.डी. प्ले स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने बच्चों को माता-पिता का सम्मान करने और हमेशा सच बोलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन हुआ। शिक्षकों ने बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और विचारों से अवगत कराया। कार्यक्रम में सचिव सुरेश राजपाल, प्राचार्या ज्योति चौहान, धर्म प्रकाश मोटवानी, पुरुषोत्तम टिलवानी उपस्थित रहे।



तारिक मेहता का उल्टा चश्मा नाटक : एलवीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स, गांधीनगर में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए भाषण, फैंसी ड्रेस, डेयर शो व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, वहीं शिक्षिकाओं ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' हास्य नाटक की प्रस्तुति दी। सचिव रमेश हिंगोरानी ने बच्चों को नेहरू जी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

बाल दिवस पर स्कूलों में उमंग और उत्साह का रहा माहौल

भोपाल। बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को राजधानी के स्कूलों में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। महात्मा गांधी शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरखेड़ा और कैम्पियन स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं विद्यार्थियों ने खाने-पीने और खेलों के स्टॉल लगाकर कारोबार की बारीकियां सीखीं तो कहीं शिक्षकों ने गीत-संगीत, नृत्य और रैंप वॉक से बच्चों का मनोरंजन किया।

छठ पूजाः खरना संपन्न आज, डूबते सूर्य देव को अर्घ्य देंगे



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोजपुरी समाज का लोक आस्था का छठ पूजा महापर्व जारी है। भोजपुरी एकता मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि इसी क्रम में शनिवार को व्रतियों ने पूरे दिन निर्जला उपवास रखने के उपरांत महाप्रसाद के रूप में खीर और गेहूं की रोटी का सेवन किया। इसे खरना कहा जाता है। रविवार को डाला छठ पूजा में डूबते हुए सूरज भगवान को ठेकुआ महापकवान, अक्षत, धूप, दीप, केला, सुथनी,अरबी, गाजर, मूली, रितु फल इत्यादि सूप में सजाकर डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके लिए व्रत धारी मुख्य रूप से शीतल दास की बगिया घाट पहुंचेंगे। सोमवार को उगते हुए सूरज के अर्थ देने के साथ ही इसका समापन होगा जिसे पारण करते हैं।

चूना भट्टी थाना प्रभारी धर्मेन्द्र मौर्य निलंबित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के एक और थाना प्रभारी पर निलंबन की गाज गिर गई है। बताया जाता है कि एक दिन पहले नगरीय पुलिस आयुक्त संजय कुमार शाहपुरा सी सेक्टर में जन संवाद के लिए पहुंचे थे इस कार्यक्रम से चंद कदमों की दूरी पर बने चूना भट्टी थाने क थाना प्रभारी धर्मेन्द्र मौर्य नदारद थे। डीसीपी जोन -4 आदर्शकांत शुक्ला ने शनिवार शाम टीआई मौर्य के निलंबन का आदेश जारी कर दिया है।

Bhopal Municipal Corporation
Swachh Bharat Mission
7th floor, Atal Bhavan, Tulsi Nagar, Link Road no. 02, Bhopal-462003 (M.P.)

Nit No.661 — **Notice Inviting e-Tenders** — Date: 3/11/26

Tender for online submissions are invited on website www.mptenders.gov.in.in under "Live Tender" and Department Name "Bhopal Municipal Corporation" for following work. Detailed NIT, Tender Schedule and other information can be seen on the website www.mptenders.gov.in.

S. No.	Tender id	Name of Work	Probable Amount of Contract (In Rs)	(EMD) (In Rs)	Cost of Bid Document (In Rs)
1	2026_UAD_547059_1	CONSTRUCTION OF TEMPORARY TOILET FOR ARMY DAY PARADE UNDER SBM.	13,99,880/-	10,500/-	2,000/-

Corrigendum and Amendment for above NIT shall not be issued separately in newspapers & correction if any, would be Published on website only.

Executive Engineer (SBM)
Municipal Corporation Bhopal

T.N.979/026/027

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल
जोन क्रं.17 (सरदार भगत सिंह) हा. बोर्ड कालोनी करोद भोपाल

क्रमांक 239/ जोन-17/2026 — भोपाल, दिनांक : 4/11/26

राजस्व भूखण्डों की मूल नस्ती नहीं होने से उपनस्ती संधारण करने हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र. 17 के वार्ड क्र. 149 व्यावसायिक 100×200 भूखण्ड क्र. 163 व्यावसायिक साईज 100×200 एवं भूखण्ड क्र. 98 यांत्रिक विभाग 20×40 कोल एण्ड टिम्बर मार्केट छोला भोपाल की मूल नस्तिया ना होने के कारण उप-नस्ती संधारण का विवरण निम्नानुसार है :-

क.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड एवं स्थान	आकार	लीज आई.डी.	आधार
1	श्री हिरदेश भार्गव आत्मज श्री महेश चन्द्र भार्गव	भू.क्र. 149 कोल एण्ड टिम्बर मार्केट व्यावसायिक छोला भोपाल	100X200= 20000 वर्गफिट	3000002685	रसीद क्र. 1278/41 का किराया रसीद क्र. 1278/40 विनिमय रसीद 10.000 1278/17 नामांतरण रसीद 500/ दिनांक 05.07.2007 एग्रीमेंट कॉपी किराया रसीद सम्पत्तिकर की रसीद आवेदन पत्र
2	श्रीमती रीता तुली पति श्री हरीश तुली	भू.क्र. 163 कोल एण्ड टिम्बर मार्केट व्यावसायिक छोला भोपाल	100X200= 20000 वर्गफिट	3000000168	लीज डीड एग्रीमेंट की कॉपी किराया रसीद सम्पत्तिकर की रसीद आवेदन पत्र शपथ पत्र, आधार कार्ड, स्थल निरीक्षण पंचनामा रिपोर्ट
3	श्री मदनलाल आत्मज श्री हरीश तुली	भूखण्ड क्र.98 यांत्रिक विभाग कोल एण्ड टिम्बर मार्केट छोला भोपाल	20X40 800 वर्गफिट	3000000388	लीज डीड एग्रीमेंट की कॉपी आवेदन पत्र एन आवंटन पत्र

भूखण्ड कोल एण्ड टिम्बर मार्केट छोला भोपाल की मूल नस्ती कार्यालय में उपलब्ध न होने से उपनस्ती संधारण की जाकर लीज नवीनीकरण की कार्यवाही की जा रही है अगर किसी भी अन्य व्यक्तियों को किसी प्रकार की अपत्ति हो तो 15 दिवस समय अवधि में आपत्ति कार्यालय में प्राप्त करें। समय अवधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाकर लीज नवीनीकरण की कार्यवाही एक पक्षीय कर दी जावेगी।

सू.क्र. 990/026/027 — जोनल अधिकारी जोन क्र. 17, नगर निगम भोपाल

देश की प्रगति में नेहरू के योगदान को याद किया कांग्रेसियों ने



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से नेहरू पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत और औद्योगिक क्रांति के जनक थे।

आजादी के बाद देश में स्थापित बड़े-बड़े कारखाने और उद्योग उन्हीं की देन हैं, जिसके परिणामस्वूप आज सुई से लेकर आधुनिक हथियार और विमान तक भारत में ही निर्मित हो रहे हैं। रामभरोसे भगवानिया ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा आर्थिक रूप से शोषित भारत को स्वतंत्रता के उपरांत पंडित नेहरू ने अपनी उत्कृष्ट सूझ-बूझ से एक नई दिशा दी। वहीं, तेजा सिंह सोढी ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि भोपाल की शान और देश के प्रमुख उद्योगों में शुमार बीएचईएल कारखाना भी उन्हीं के विजन का परिणाम है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, राज मनवानी, तेजा सिंह सोढी, रामभरोसे भगवानिया, जगदीश सांवले, महेश गुरबानी सहित कई कांग्रेसीजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता महेश गुरबानी ने किया।

(Corrigendum / Date Extension Notice)

कार्यालय का नाम एवं पता : मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ई-5 पर्यावरण परिसर, अरेरा कॉलोनी, भोपाल

ई निविदा क्रमांक : Tender ID : 2026_DMA 542243_1

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी निविदा सूचना (NIT), Tender ID: 2026_DMA_542243_1, दिनांक 09.10.2026, के माध्यम से "Supply, Installation, Testing, Commissioning & Training of Disaster Preparedness, Capacity Building, Emergency Response and Control Room Display Infrastructure" हेतु ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की गई थीं। उक्त निविदा की निर्धारित अंतिम तिथि तक पोर्टल पर कोई भी निविदा (Bid) प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप, जनहित में निविदा प्रक्रिया में अधिकाधिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरांत निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

1. ऑनलाइन निविदा (Bid) जमा करने की संशोधित अंतिम तिथि 16.11.2026, समय 17:00 बजे तक।
2. तकनीकी निविदा (Technical Bid) खोलने की संशोधित तिथि 17.11.2026, समय 17:00 बजे।

अन्य शर्तें एवं निर्देश

1. निविदा की शेष समस्त नियम एवं शर्तें निविदा सूचना (NIT) के अनुसार यथावत रहेंगी। 2. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी मध्यप्रदेश ई-टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं।

उप संचालक
म.प्र. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

G 21456/26

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
वीर सावरकर जोन क्र.-04 (मंगलवारा)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जॉन क.04 के वार्ड 17 में स्थित वर्गीकृत बाजार म्यु कबाड़खाना के भूखण्ड क्र. 181, 242, 264 का नामांतरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	जोन क्र.	वार्ड क्र.	आवंटी का नाम	स्थान एवं भूखण्ड	आकार	नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम	नामांतरण का आधार
1	4	17	श्री सैय्यद इंसाफ आली आत्मज श्री अलताफ अली	भूखण्ड क्र-181 वर्गीकृत बाजार	20X60 = 1200 वर्गफुट	श्री जमील उद्दीन आत्मज श्री हबीब उद्दीन	आवेदन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज
2	4	17	श्री जुनेद उस्मान आत्मज श्री मोहम्मद उस्मान	भूखण्ड क्र -242 वर्गीकृत बाजार	15X25 = 375 वर्गफुट	श्रीमती बुशरा जहां पत्नि श्री नासिर अली	आवेदन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज
3	4	17	श्रीमती सितारा बी पत्नि श्री अजीज भाई	भूखण्ड क्र 764 वर्गीकृत बाजार	15X20 = 300 वर्गफुट	1. श्री अजीज खान आत्मज श्री नसीर खान 2. श्री अनीस 3. श्री मो रईस 4. श्री मो. रहीम खान 5. श्रीमती नजमा पत्नि श्री मो. यामीन 6. श्रीमती रजिया बैगम पत्नि श्री मो. मुबीन सभी पुत्र/ पुत्रीगण श्री अजीज खान	आवेदन पत्र शपथ पत्र बयान पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र

उपरोक्त भूखण्ड के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति बैंक। संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती हो तो, सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र. 04 वार्ड क्र.-17 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करे। नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी।

सू.क्र. 1030/026/027 — जोनल आधिकारी जोन क्र. 04 नगर पालिक निगम भोपाल